**परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती**
**उत्तर प्रदेश पुलिस**

**दिनांक**
**17-06-2025**

# प्रेस विज्ञप्ति

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस लाइन बस्ती स्थित जेटीसी/आरटीसी बैरकों का निरीक्षण।**
- **रिक्रूट आरक्षियों से की गयी संवादात्मक वार्ता।**
- **मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 17 जून 2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र श्री संजीव त्यागी द्वारा जनपद बस्ती में आरक्षीगण की जेटीसी व आरटीसी ट्रेनिंग के दृष्टिगत पुलिस लाइन स्थित जेटीसी/आरटीसी बैरकों भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आवासीय व्यवस्थाओं, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, पंखा/कूलर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की गहन समीक्षा कर कमियों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर डीआईजी बस्ती द्वारा नवागत रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उन्हें कड़ी मेहनत, अनुशासन व समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया सेल**
**रेंज कार्यालय, बस्ती।**